Toppersnotes®
Unleash the topper in you

# UIIC

## AO (Generalist)

यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (UIIC)

भाग - 4

**अंग्रेजी भाषा**

SIERRA INNOVATIONS

# INDEX


| S.No. | Chapter Title | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | Golden Rules of English Grammar | 1 |
| 2 | Fill in the blanks | 47 |
| 3 | Para Jumbles | 52 |
| 4 | Cloze Test | 74 |
| 5 | Reading Comprehension (अपठित गद्यांश) | 81 |
| 6 | Spelling Correction (वर्तनी सुधार) | 92 |
| 7 | Important Synonyms and Antonyms (विलोम और पर्यायवाची शब्द) | 98 |
| 8 | Letter Writing (पत्र लेखन) | 122 |
| 9 | Essay Writing | 133 |
| 10 | Precis Writing | 151 |

# 1 CHAPTER

# Golden Rules of English Grammar

## NOUN

**Rule:1**

- कभी – कभी **Proper Noun** के पहले **"The"** का प्रयोग करके, उसे **Common noun** की तरह प्रयोग करते हैं ।

  **Example**

  ✓ Kalidas is **the Shakespeare** of India.

- कभी – कभी **proper noun** को भी **common Noun** की तरह प्रयोग करते हैं । उस समय **Proper Noun** एक **जाति या जाति के किसी व्यक्ति** को व्यक्त करता हैं ।

  **Example**

  ✓ There are five **Ram** in my Class.

- **Proper, Material** और **Abstract Noun** सदैव **एक वचन (Singular)** में होती हैं, परंतु जब इनका प्रयोग **बहुवचन (Plura)** की तरह होता हैं तो ये **Common Noun** बन जाती हैं ।

  **Example**

  ✓ **Simran** is the wife of Shivam. (Proper Noun)

**Rule 2:** सामान्यत: **Collective Noun** के साथ **singular verb** का प्रयोग होता हैं । इनके साथ **plural verb** का प्रयोग तभी करते हैं जब **प्रत्येक सदस्य** के बारें में बताया जाता हैं ।

**Example**

- The **crowd** of the migrant workers at the station for the Shramik Special is unforgettable.
- A **pride** of lions consists of related females, cubs, and a small number of adult males.

**Rule 3: कुछ Nouns का प्रयोग हमेशा Plural form में ही रहता है। इन Nouns के अन्त में लगे 's' को हटाकर, इन्हें Singular नहीं बनाया जा सकता है। ये दिखनें में भी Plural लगते हैं, एवं इनका प्रयोग भी Plural की तरह होता है।**

- **Words :** Alms, amends, annals, archives, ashes, arrears, athletics, auspices, caves, species, scissors, trousers, pants, clippers, bellows, gallows, fangs, eyeglasses, goggles, belongings, breeches, bowels, braces, binoculars, customs, congratulations, dregs, earnings, entrails, embers, fetters, fireworks, lodgings, lees, odds, outskirts, particulars, proceeds, proceedings, regards, riches, remains, savings, shambles, shears, spectacles, surroundings, tidings, troops, tactics, thanks, tongs, vegetables, valuables, wages, Bacteria etc.

  **Example**

  ✓ My father gave me a pair of binoculars on my birthday.

  ✓ Bacteria are single-celled organisms that can reproduce on their own.

**Rule 4: कुछ Nouns दिखने में Plural लगतें हैं लेकिन अर्थ में Singular होते हैं। इनका प्रयोग हमेशा Singular में ही होता है।**

- **Words:** News, Innings, Politics, Summons, Physics, Economics, Ethics, Mechanics, Mathematics, Mumps, Rickets, Billiards, Draughts, etc.

  **Example**

  ✓ The first innings of the match was very sensational.

**Rule 5: कुछ Nouns दिखने में Singular लगते हैं। लेकिन इनका प्रयोग हमेशा Plural में होता है।**

- **Words:** cattle clergy, cavalry, infantry, poultry, peasantry, children, gentry, police etc.

  **Example**

  ✓ Cattle have died when liquid manure stored in pits under slotted floors was agitated.

Toppers Notes
Unleash the topper in you

**Rule 6: कुछ Nouns का प्रयोग, केवल Singular form में ही किया जाता है। ये Uncountable Nouns हैं। इनके साथ Article A/An का प्रयोग भी नहीं किया जाता है।**

- **Words:** Scenery, Poetry, Furniture, Advice, Information, Hair, Language, Business, Mischief, Bread, Stationery, Crockery, Luggage, Baggage, Postage, Knowledge, Wastage, Money, Jewellery, Breakage, temper.

  **Example**
  - ✓ We need to buy new furniture for the office.
  - ✓ The scenery was so beautiful that John was mesmerized and captivated by all that he saw.
  - ✓ Dozens of lower courts have rejected cases pressed by Trump and his allies.

**Rule 7: कुछ Nouns, Plural एवं Singular दोनों में एक ही रूप में रहते हैं।**

- **Words:** deer, fish, crew, family, team, jury, carp, pike, trout, aircraft, counsel, committee etc.

  **Example**
  - ✓ The committee were split on whether the new regulations for the National Health Protection Scheme should be implemented.

**Rule 8: कुछ Nouns जो अर्थ में तो Plural होते हैं, लेकिन यदि इनके पूर्व कोई निश्चित संख्यात्मक विशेषण (Definite numeral adjective) का प्रयोग किया जाता है, तो इन Nouns को Pluralise नहीं किया जाता है।**

- **Words:** Pair, score, gross, stone, hundred, dozen, thousand, million, Billion etc.

  **Example**
  - ✓ Amount of less than a million rupees is required right now. Take the money to the bank and withdraw it.
  - ✓ His sons-in-law have enhanced his business within a short period.

**Rule 9: यदि किसी Noun के बाद Preposition आता है एवं फिर वही Noun आता है तो वह Noun Singular रहता है।**

**Example:**

a. **Town after town** was devastated.

b. **Row upon row** of pick marble looks beautiful.

c. He enquired from **door to door.**

d. **Ship after ship** is arriving.

> **Note:** इस तरह के वाक्यों में Towns after Towns, Rows upon Rows, doors to doors या ships after ships लिखना गलत है।

**Rule 10: किसी वाक्य में Numeral Adjective के बाद a half, या a quarter आता है तो Noun को Numeral Adjective के बाद रखा जाता है। एवं फिर a half या a quarter लिखा जाता है।**

Example:

a. He gave me one rupee and a half.

b. She gave me two rupees and a quarter.

> **Notes:** यदि numeral adjective एवं fraction को and से जोड़ा गया हो एवं वाक्य में multiply के अर्थ में प्रयुक्त हो तो noun का प्रयोग Plural number में a half/ a quarter के बाद होगा।
>
> **Example:**
>
> a. Two and a quarter times.
>
> b. One and a half times.
>
> यहाँ वाक्य में multiply किया गया है। अतः Noun 'times' Plural में a quarter / a half के बाद प्रयुक्त हुआ है।

**Rule 11: Hyphenated noun का प्रयोग कभी भी plural form में नहीं होता हैं ।**

**Example:**

a. He gave me two **hundred-rupee** notes.

b. He stays in **five- star** hotels. (stars को star में परिवर्तित करें)

Toppersnotes Unleash the topper in you

**Rule 12: A set of/ a pair of/ a group of / each of/either of/ neither of के साथ Noun plural और helping verb singular उपयोग होती हैं।**

**Example:**

a. <u>**A set of**</u> proceeds was deposited in bank account.

b. <u>**A pair of**</u> shocks has bought by Ramesh.

c. <u>**Each of**</u> Students has solved this Questions.

**Rule 13: both of / all of + Noun plural + helping Plural**

**Example:**

a. <u>**All of**</u> students are thrown out in my class.

**Rule 14: Numeral + unit (singular) + Noun (singular)/ adjective**


**Numeral + unit (Plural) + adjective**

**Example:**

a. She saw <u>**a six foot**</u> snake.

b. He is <u>**six feet**</u> tall

**Rule 15:**




**Example:**

a. Ramesh spent ten rupees.

b. She sold two dozens.

c. We bought two dozen mangoes from the market.

b. Balloons filled with helium travel hundreds or even thousands of miles.

**Rule 16: Unit (Plural) of noun (Plural) + plural helping verb**

**Example:**


a. Hundreds of shops are closed during riot.

**Rule 17: more than one unit in sentence. We use unit in ascending order.**

**Example:**

a. Thousands of lakhs of student of student have given test.

**Rule 18:**




**Example:**

a. Two Spoonful

b. His sons-in-law have enhanced his business within a short period

**Rule 19:**




**Example:**

a. Ten miles needs to covered completely on foot.

b. Five thousands rupees were spent on foot and entertainment.

## PRONOUN

**Rule 1: किसी Sentence में verb के पहले आने वाला pronoun, Nominative case में और Pronoun का प्रयोग verb के बाद होता हैं तो वह objective Case का प्रयोग होता हैं ।**

**Structure:**

- Subjective / Nominative + Verb + Objective → I teach him → Active Voice
- Subjective/ Nominative + Verb + Objective → He is taught by me. → Passive Voice

  **Example:**

  a. The credit for organizing the successful event was given to both Neha and me.

  b. She came home to meet my family and me.

**Rule 2: Singular Pronoun: यदि एक sentence में एक से अधिक pronoun का प्रयोग किया जाता हैं और तो और sentence से किसी बुरी बात का आभास न हो, उन्हे 231 क्रम (2nd person, 3rd Person, 1st Person) का प्रयोग होता हैं ।**

**Example**

- ✓ Sia and I spent a few magical minutes observing giraffes and elephants assembling at a watering hole.
- ✓ Mary and I will be going to the movies after we're done with the marathon.

**Rule 3: Plural Pronoun: जब किसी Sentence में एक से अधिक Pronoun का प्रयोग हो और वो Plural हो तो उन्हे 123 क्रम (1st Person, 2nd person, 3rd Person) का प्रयोग होता हैं ।**

**Example**

- You, she and I will be traveling by my car.

**Rule 4: यदि Sentence में कोई गलती का सन्दर्भ आए या कोई भूल या अपराध का जिक्र हो या वाक्य का भाव Positive नहीं हो तो Pronouns का क्रम 123 की तरह होना चाहिए।**

**Example**

- I and he will beg sorry for the misconduct.

**Rule 5: यदि sentence में एक से अधिक भिन्न – भिन्न persons के Pronounका प्रयोग होता हैं एवं उनके लिए एक ही Plural Pronoun का प्रयोग किया जाए तो**

- III + I Person → I Person Plural
- II + III Person → II Person Plural
- II + I Person → I Person Plural

  **Example:**

  a. **You** and **I** have done **<u>our</u>** job.

  b. **You he** and **I** have completed **<u>our</u>** duty.

  c. You and I have submitted <u>our</u> work on time.

**Rule 6: Collective Noun के साथ, Pronoun का प्रयोग उस स्थिति में Singular (and Neuter Gender) में होता है जब Collective Noun का प्रयोग एक Unit के रूप में हो, यदि Collective Noun का प्रयोग Unit की तरह न होकर, बिखरा (Divided or Separate) हुआ होता हैं तो Plural Pronoun का प्रयोग किया जाता है।**

**Example**

- Apart from Germany, they also visited Italy and Austria during **their** business trip.

**Rule 7: जब दो या दो से अधिक Pronoun, and के साथ जुड़े होते हैं तो Pronoun Plural होता हैं ।**

**Example:**

a. **Ram** and **Mohan** went to **their** school.
b. **Suresh** and **his family** members have completed **their** work.

**Rule 8: जब दो Singular Nouns, and से संयुक्त हों एवं दोनों के पूर्व Each या Every का प्रयोग हुआ हो तो Pronoun भी Singular होगा।**

**Example:**

a. **Each** officer and each clerk has joined **his** duty.
b. Every soldier and every officer was in his place.

**Rule 9: Each, Either एवं Neither के साथ हमेशा Singular Pronoun एवं Singular Verb का प्रयोग किया जाता है।**

**Example**

- Each of the employees needs to submit his or her reports by Friday.

**Rule 10: जब दो या अधिक Singular Nouns 'or', 'Either......or', 'Neither......nor' से संयुक्त किए जाते हैं तो Pronoun, Singular प्रयोग किया जाता है।**

**Example**

- Neither the tunny nor the coral fishery is carried on by the Sardinians themselves, who are not sailors by nature.
- Either my brother or my parents are going to bring the sleeping bags.
- Neither Suresh nor Ramesh is allowed to enter the class if they have not completed the homework given by me last week.

**Rule 11: जब एक Plural एवं एक Singular Noun, 'or' या 'nor' से संयुक्त किए जाते हैं तो Pronoun-Plural लगता है।**

**Example:**

a. **Either** the Principal **or** the teachers failed in **their** duty.
b. **Neither** the teacher **nor** the students have done **their** work.

**Rule 12: तुलनात्मक (Comparative) वाक्यों में than या as के बाद Pronoun की Nominative Form का प्रयोग होगा या Objective Form का यह इस पर निर्भर है कि वाक्य का अर्थ क्या है।**

**Example:**

a. I love you more than he (loves you).
b. I love you more than (I love) him.
c. I shall give you as many pens as (I shall give) him.
d. I am as intelligent as he (is).

**Rule 13: "to be" Form Verb के बाद आने वाला Pronoun उसी Case में होना चाहिए, जिस case में verb "to be" के पहले आने वाला Noun या pronoun प्रयुक्त हुआ हैं ।**

**Example:**

a. It is I.
b. This is She.

**Note: यदि इस तरह के वाक्यों में who/which के साथ जब Clause का प्रयोग होता है। Verb 'to be' के बाद आने वाला Pronoun हमेशा Nominative case में प्रयोग किया जाता है।**

**Example:**

a. It is he who is responsible.
b. It is she who refused the offer.
c. It is I who saw her yesterday.
d. It is he who will pay you.

**Rule 14: Let, like, between, but, except एवं prepositions के बाद Objective Case का प्रयोग किया जाता है।**

**Example:**

a. **Let me** do this work.

b. Let me clear the doubts, if any.

c. **Everybody but** him was present for the meeting.

**Use of It:**

**Rule 1:** It का प्रयोग जानवर, निर्जीव पदार्थ, देश व शिशु के लिए होता है। 'It' का बहुवचन 'they' होता है।

**Example:**

a. Here is your pen. Please take it.

b. He has a cat. It is very beautiful.

c. When he saw the child, it was playing.

**Rule 2:** It का प्रयोग time, weather (मौसम), temperature (तापमान) तथा distance (दूरी) या अन्य प्राकृतिक घटना को express (अभिव्यक्त) करने के लिए Introductory subject के रूप में होता है। इस case में 'it' को 'empty 'it' कहा जाता है क्योंकि इसका कोई अर्थ नहीं होता है।

**Example:**

a. It is 7 O'clock.

b. It is fine.

c. It is summer.

**Rule 3:** It का प्रयोग Infinitive, Gerund तथा Clause के बदले में भी होता है।

**Example:**

a. It rains.

b. It blows.

**Rule 4:** It का प्रयोग sentence के subject के रूप में noun या pronoun पर जोर डालने के लिए होता है।

**Example:**

a. It is you, who can solve this problem.

b. It is the place where he was murdered.

**Rule 5:** It का प्रयोग Phrase या clause को introduce करने के लिए होता है।

**Example:**

a. **That the Record will break today** is probable.

**Rule 6:** Exclamatory वाक्य में It का प्रयोग निम्न प्रकार किया जाता है ।

**Example:**

a. What a beautiful bird it is!

b. What a large building it is!

**Rule 7: The possessive pronoun required here is "its" (without an apostrophe).**

**It's = it is**

a. She has been a member of this club since its formation.

b. It's impossible to conduct truly causal research on media consumption and suicide.

c. Now it's referring to the same big lug who met his fate thanks to David's slingshot.

d. The energetic kitten is playful after having its breakfast.

e. A computer can't function without its motherboard.

**Rule 15: कुछ Transitive Verbs के साथ Reflexive Pronoun का प्रयोग किया जाता है। Transitive Verb के साथ Object का आना आवश्यक है, जब इन verb के साथ कोई Object नहीं होता है, तो Reflexive Pronoun लगाकर object की पूर्ति करनी होती है।**

**verbs**: avail, absent, enjoy, resign, apply, revenge, exert etc.

**Example:**

a. They enjoyed **themselves** the pleasure of weather.

b. Try to avail **yourself** of every opportunity that comes your way.

c. You should avail yourself of this opportunity to demonstrate your skills.

**Rule 16: कुछ Verbs जब इनका प्रयोग intransitively किया जाता है तो इनके साथ Reflexive Pronoun का प्रयोग नहीं किया जाता है।**

**Verbs:** Keep, break, set, bathe, make, stop, steal, qualify, move, open, draw, rest, roll, burst, hide, feed, gather, sleep etc.

- सामान्यतया इन verbs का प्रयोग intransitively ही होता है।

  **Example:**

  a. She hid in the room.

  b. After a long and fun-filled day, the children slept peacefully.

**Rule 16: 'This' का प्रयोग समीप की एक व्यक्ति या वस्तु के लिए होता है, जबकि 'These' का प्रयोग समीप की एक से अधिक व्यक्ति या वस्तु के लिए होता है।**

**Example:**

a. This is a cat.

b. These are cats.

**Rule 17: 'That' का प्रयोग दूर की एक व्यक्ति या वस्तु के लिए होता है, जबकि 'those' का प्रयोग दूर की एक से अधिक व्यक्ति या वस्तु के लिए होता है।**

**Example:**

a. That is a book.

b. Those are books.

**Note**: Singular noun के repetition को रोकने के लिए 'that of तथा plural noun के repetition को रोकने के लिए 'those of' का प्रयोग होता है।

**Example:**

a. The climate of Pune is better than **<u>that</u>** (अर्थ: climate) of Mumbai.

b. The streets of Delhi are wider than **<u>those</u>** (अर्थ: streets) of Mumbai.

**Rule 18: किसी sentence में Singular Countable Noun को दोबारा लिखने से बचने के लिए 'one' का प्रयोग होता है, जबकि Plural Countable Noun को दुबारा लिखने से बचने के लिए 'ones' का प्रयोग होता है न कि one's का।**

**Example:**

a. This is the new version, but **that** is an old **one.**

b. These are new books, but **those** are old **ones.**

| **Indefinite Pronoun** | | |
|---|---|---|
| **Word** | **Person** | **Thing** |
| Some | Someone, somebody | Something |
| Any | Anyone, anybody | Anything |
| Every | Everyone, everybody | Everything |
| No | No one, no body | Nothing |
| Possessive case | His | Its |

| **Distributive Pronoun** | |
|---|---|
| **Distributive Pronoun** | **Meaning** |
| Everyone | दो से अधिक संदर्भ में |
| Each | दो या दो से अधिक के लिए |
| Either | दो में से कोई एक |
| Neither | दो में से कोई नहीं |
| Any, none, no one | दो से अधिक के लिए – कोई, नहीं, कोई नहीं |

**Rule 19: Each/Either/Neither + of + plural Noun + S.H.V ------------ (**Each of/ Either of / Neither of के बाद plural Noun या plural Pronoun का प्रयोग होता हैं ।**)**

**Example:**

a. **Each of** the <u>boys</u> <u>has</u> a note book.

b. **Each of** <u>the boys</u> <u>has his</u> own pen.

**Note:** Each of/ Either of / Neither of के बाद प्रयुक्त Plural noun के पहले the का प्रयोग होता हैं ।

**Rule 20: यदि Each का प्रयोग subject के लिए हो तो each का प्रयोग subject के बाद अर्थात Auxiliary Verb (सहायक क्रिया) के पहले होता हैं । और मुख्य क्रिया Subject के अनुसार प्रयुक्त होती हैं ।**

**Example:**

a. <u>We</u> **each** <u>have advised</u> him to give up smoking.

**Rule 21: Both का प्रयोग दो व्यक्तियों या वस्तुओं के लिए होता हैं । both का प्रयोग नकारात्मक वाक्य में नहीं होता हैं ।**

**Example:**

a. **Both** of the two students are guilty.

**Rule 22: Distributive pronouns के साथ Third person, Singular pronoun, Masculine Gender (he, his, him) का प्रयोग किया जाता है।**

**Example:**

a. **Everyone** should obey his parents.
b. **Neither** of these two students has received his prize.

**Rule 23: यदि वाक्य में Distributive pronouns के बाद Feminine Gender के Noun का प्रयोग हुआ है तो 'her' pronoun का प्रयोग करना आवश्यक है।**

**Example:**

a. **Neither** of these two girls has deposited her fees.
b. **Either** of the two girls has received her gift.
c. **Each** of the girls has donated her pocket money.

**Rule 24: यदि Feminine noun की जगह Plural pronouns (us/them/you) का प्रयोग हुआ हो तो Singular Masculine Gender Pronoun का प्रयोग किया जाएगा।**

**Example:**

a. **Neither** of them has done his duty.
b. **Each** of them has forgot his purse.

**Rule 25 : जब दो subjects को 'as well as', 'with', 'along with', 'together with', 'and not', 'In addition to', 'but', 'besides', 'except', 'rather than', 'accompanied by', 'like', 'unlike', 'no less than', 'nothing but' से जोड़ा जाये तो Possessive Pronoun 1st subject के अनुसार होगा।**

**Example**

- The choreographer as well as his entire dance crew was rewarded cash for their outstanding performance.
- Chari along with other astronauts will form the Artemis Team and help pave the way for the next lunar missions.

## Who/ Whom: Person के लिए किया जाता हैं ।

**Rule 26: इनका प्रयोग व्यक्ति एवं living nouns हेतु किया जाता है। Who का प्रयोग Nominative case में तथा whom का प्रयोग Objective Case में किया जाता है। people एवं those के साथ who का ही प्रयोग किया जाता है।**

**Example:**

a. **The children** who sang in the choir were applauded by the audience.
b. This appears to be the handiwork of **someone** who belongs to a criminal gang.
c. My elder **brother**, whom you'll meet later, is a dentist.
d. Who is the **person** that you wanted me to contact there?

## Which: Nonliving things या Animal के लिए किया जाता हैं ।

**Example:**

a. He always obeys his parents, **which** shows his loyalty.
b. This is the album **which** I found in the garage.

**1. Whose:**

**Rule 27: Whose का Possessive Case में प्रयोग सामान्यतया व्यक्ति एवं जानवर के लिए किया जाता है। कई स्थितियों में whose का प्रयोग non- living nouns हेतु भी किया जाता है।**

**Example**

a. What is the name of the Swami **whose** autobiography impressed you so much?
b. My friend **whose** leg was fractured has recovered.

## That का प्रयोग:

**Rule 28: यदि and से जुड़कर दी antecedents का प्रयोग हो, जिनमें से एक मनुष्य तथा दूसरा जानवर या वस्तु हो तो इसके बाद That, relative Pronoun का प्रयोग करते हैं।**

a. **The man** and his **dog** <u>**that**</u> I saw yesterday have been kidnapped.

**Rule 29**: Superlative Degree के बाद "that" का प्रयोग होता हैं।

a. Mr. Mishra is the **most laborious** man <u>**that**</u> I have ever seen.
b. He is the most eloquent speaker that I have ever heard.

**Rule 30: All का प्रयोग व्यक्ति के लिए हो, तो इसके बाद 'who/that' का प्रयोग होता है।**

a. All who/that are interested to do this work can start now

**Rule 31: All का प्रयोग वस्तु के लिए हो, तो इसके बाद 'that' का प्रयोग होता है।**

b. All that glitters is not gold

**Rule 32: All + Uncountable Noun के बाद that का प्रयोग होता है।**

c. All the money that I gave her has been spent.

**Rule 33: Everything, nothing, the only, any, all, everyone, none, no, nobody, much, little, the same, the few, the little के बाद that का प्रयोग होता है।**

a. My father has given me everything that I needed.
b. My wife has spent the little money that I gave her.

**Rule 34: Verb के स्पष्ट रहने पर 'the same + Noun' के बाद ' that' का प्रयोग होता है।**

a. This is the same man that deceived me.
b. There was none that didn't support the cause.
c. This is the book that I wanted to buy.

**Rule 35**: **That से पूर्व कोई preposition नहीं लगाया जाता है। यदि preposition लगाने की आवश्यकता हो तो वह वाक्य के अन्त में लगता है।**

a. We know the hotel that she lives in.
b. I understand the point that you are hinting at.

**Compound relative Pronouns:** Whoever, whosoever, whomsoever, whatever, whichever, whatsoever, इत्यादि Compound Relative Pronouns हैं। इनका प्रयोग वाक्य में बिना antecedent के होता है। इनका antecedent इन्हीं में सम्मिलित (included) रहता है।

- **Whatever** - anything which.
- **Whichever -** anything which.
- **Whoever/whosoever -** any person who.
- **Whomsoever -** any person whom.

**Example**

a. You can eat whatever you like.
b. You can take whichever you like.
c. I shall employ whomsoever you recommend.

# ADJECTIVE

## <u>Important Adjectives and their uses:</u>

### <u>Some/ any</u>

- Some का प्रयोग affirmative sentence मे singular uncountable के पहले मात्रा का बोध कराने के लिए "कुछ" और "थोड़ा" के अर्थ मे होता हैं तथा plural countable Noun के पहले संख्या का बोध करने के लिए "कोई", "कुछ और थोड़ा" के अर्थ मे होता हैं।
- Any का प्रयोग negative affirmative sentence मे singular uncountable के पहले मात्रा का बोध कराने के लिए "कुछ" और "थोड़ा" के अर्थ मे होता हैं तथा plural countable Noun के पहले संख्या का बोध करने के लिए "कोई, कुछ और थोड़ा" के अर्थ मे होता हैं।

### <u>Much/ Many</u>

- Much का प्रयोग मात्रा का बोध कराने के लिए बहुत के अर्थ मे singular uncountable के पहले होता हैं
- Many का प्रयोग number का बोध कराने के लिए बहुत के अर्थ मे plural countable noun के पहले किया जाता हैं।

## Each/Every– प्रत्येक

- Each का प्रयोग प्रत्येक के अर्थ मे दो या दो से अधिक व्यक्तियों वस्तुओं के लिए "singular countable noun" के पहले होता हैं ।
- Every का प्रयोग प्रत्येक के अर्थ मे दो से अधिक व्यक्तियों या वस्तुओं के लिए "singular countable noun" के पहले होता हैं ।

## Fewer/Less/Lesser

- Fewer का प्रयोग countable में 'कम संख्या' हेतु किया जाता है।
- Less का प्रयोग Uncountable हेतु 'थोड़ी मात्रा' हेतु किया जाता है। Price एवं number के साथ less का प्रयोग नहीं करना चाहिए।
- Lesser का अर्थ होता है कम महत्त्वपूर्ण।

## As………… as/So ……….. as

- As……….as का प्रयोग तुलनात्मक वाक्यों में Similarity/Likeliness व्यक्त करने हेतु किया जाता है।
- So……….as का प्रयोग ऐसे वाक्यों में Unlikeliness, dissimilarity, (negative वाक्यों) व्यक्त करने हेतु किया जाता है।
    - ✓ Our passage across the Arabian Sea was as smooth as the timidest navigator could desire.

# Degree of Adjective

- **Positive Degree:**
    - ✓ It is used to qualify one person, place or thing.
    - ✓ No comparison is made in positive degree of adjective.
    - ✓ जब Adjective तुलनात्मक न हो. यहाँ एक व्यक्ति या वस्तु के गुणों की चर्चा होती है ।
- **Comparative Degree**
    - ✓ It is used to compare two persons, places or things.
    - ✓ जब Adjective केवल दो में तुलनात्मक हो, यहाँ दो व्यक्ति या वस्तुओं के गुणों की तुलना होती है

    a. Diseases like diabetes and hypertension are repeatedly on the rise and affecting more and more younger individuals.
- **Superlative Degree**
    - ✓ It is used when more than two persons, places or things are compared. It is the highest degree of comparison.
    - ✓ जब Adjective समूह में तुलनात्मक हो, यहाँ दो से अधिक व्यक्ति या वस्तुओं के गुणों की तुलना होती है।

    a. The lack of regular academic sessions has meant that in 2020 the country has had the lowest share of students who have attended educational institutions.

# Important rules related to adjective:

**Rule 1:** निम्नलिखित Definite Numerals (निश्चित संख्या) के बाद of का प्रयोग नहीं किया जाता हैं ।

जैसे – a dozen, a hundred

**Example:**

a. We have a dozen pens.

b. He has a hundred cows.

**Rule 2:** यदि definite numerals के पहले a नहीं हो, तो उनसे अनिश्चित संख्या का बोध होता है, ऐसी स्थिति में of का प्रयोग अवश्य होता है ।

जैसे - a lakh of men, a pair of shoes, a couple of hours.

**Example:**

a. We have dozens of pens.

b. He has hundreds of cows.

**Rule 3:** Article "The" का प्रयोग ordinal के साथ किया जाता हैं ।

**Example:**

a. The **first** lesson is on verb.

b. The first five girls will get the discount on our merchandise.

**Rule 4: जब किसी वस्तु का Comparison किया जाता है तो Compare करते समय उस वस्तु को Exclude करना चाहिए।**

**Example**

- He slapped the team into action and they headed for the town at a more leisurely pace.

- The playground was way larger than I had imagined, and in cleaning it, my back began to ache.

**Rule 5: कुछ Adjectives जैसे: Senior, Junior, Posterior, Superior, Inferior, Anterior, इत्यादि के साथ Preposition 'to' का प्रयोग किया जाता है। इनके साथ More या Less का प्रयोग नहीं होता है। ये सभी Adjectives, Latin भाषा से ग्रहण किए गए हैं। Elder, prefer एवं preferable के साथ भी 'to' का ही प्रयोग होता है।**

**Example**

- He always wants to be in the company of those **who** are intellectually superior to him.

**Rule 6: जब दो वस्तुओं का Comparison किया जाता है तो वाक्य से उन वस्तुओं का ही Comparison स्पष्ट होना चाहिए। कई बार Comparison करते समय निम्न प्रकार की गलती की जाती है:**

**Example**

- Chetan's room is cleaner than Ram's **room** because Chetan cleans it more often than Ram.

**Rule 4: अगर adjective of size, colour, age इत्यादि का प्रयोग एक साथ हो तो वे निम्नलिखित क्रम में होंगे।**

$$\underbrace{\text{Size}}_{1} \rightarrow \underbrace{\text{shape}}_{2} \rightarrow \underbrace{\text{age}}_{3} \rightarrow \underbrace{\text{colour}}_{4} \rightarrow \underbrace{\text{emotion}}_{5} \rightarrow \underbrace{\text{nationality}}_{6} \rightarrow \underbrace{\text{material}}_{7} \rightarrow \text{noun}$$

**Example**

- The beautiful young girl jumped in the river in the state of depression.

# ADVERB

## Important adverbs and their uses:

### Late/Lately

- **Late** – देर से → इसका प्रयोग adjective या adverb दोनों प्रकार से होता हैं ।
- **Lately** – हाल ही में या हाल -फिलहाल → इसका प्रयोग केवल adverb के रूप में होता हैं ।

  **Example**

  a. I haven't seen Akila **lately.**

  b. Chandni is often **late** for work.

  c. Riya arrived at the train station **late**.

### Hard/ Hardly

- **Hard** – मेहनत से
- **Hardly** – मुश्किल से

  **Example**

  a. Sanjana rubbed her eyes **hard**.

  b. Sushil, who recently joined our school, was awarded the Gold Cup as he worked **hard** throughout the year.

  c. Mohan is respected by everyone because he works **hard**.

### Free/Freely

- **Free** – मुफ़्त में
- **Freely** – स्वतंत्रता से

  **Example**

  a. We can Move about freely in India.

  b. Rides are provided free in this water park.

### Since

- Since से जब time का बोध होता है तब इसका प्रयोग preposition, conjunction और adverb के रूप है। Adverb के रूप में since 'तब से' 'from then' का अर्थ प्रकट करता है ।

  **Example**

  a. I have been reading since 5 O' clock.

  b. They have been playing since 7 O' clock.

### Just

- Just का प्रयोग 'एक क्षण पहले' (a moment ago) के अर्थ में adverb of time के रूप में होता है।
- Just के साथ सामान्यतया Present Perfect Tense का प्रयोग होता है ।

  **Example**

  a. He has just gone out.

  b. I have just had dinner.

**Rule 1: 'एकदम सही समय' के लिए Just का प्रयोग simple past में किया जा सकता है ।**

**Example**

a. I just caught the train.

b. They just managed to leave.

**Rule 2: 'अभी-अभी बजे हैं' का अर्थ भी Just से प्रकट किया जा सकता है ।**

**Example**

a. It has just struck five. → अभी-अभी पाँच बजे हैं।

b. It has just struck two. → अभी-अभी दो बजे हैं।

## Just Now

- Just now का प्रयोग वर्तमान् में पूर्ण होने वाले कार्य के लिए होता है। ऐसी स्थिति में इसका प्रयोग Present Perfect Tense में होता है ।

  **Example**

  a. He has gone just now.

  b. I have arrived just now.

**Rule 1: Just now 'कुछ समय पहले' (a short time ago) या एक क्षण पहले (a moment ago) के अर्थ में भी होता है। ऐसी स्थिति में इसका प्रयोग Past Indefinite Tense में होता है ।**

**Example**

a. They left home just now.

b. Did you hear a noise just now?

**Rule 2: किंतु just now का प्रयोग 'इस क्षण' (at this moment) के अर्थ में भी होता है ।**

**Example**

a. I am busy just now.

## Presently

- Presently → शीघ्र, अभी → इसका प्रयोग future Action के लिए होता हैं ।

  **Example**

  a. He is presently busy.

  b. He will come back presently.

  c. I shall give some money presently.

## Early

- Early का प्रयोग adjective तथा adverb दोनों ही रूपों में होता है।
- इसका अर्थ है- 'किसी की शुरूआत के तुरन्त बाद' ।

  **Example**

  a. Are you an early riser? (adjective)

  b. We started early. (adverb)

- **Early का प्रयोग 'नियत समय से पहले' के अर्थ में भी होता है ।**

  **Example**

  a. He arrived early at the meeting.

  b. The chief guest came early.

## Direct / Directly

- Direct → सीधा (Straight)
- Directly → शीघ्र ही (at Once)

  **Example**

  a. I went direct to my house.

  b. They went to their room directly.

## Too

- आवश्यकता से अधिक का अर्थ, दोष का बोध, या अतिशयता को दर्शाता हैं ।
- इसका प्रयोग unpleasant adjectives के रूप में किया जाता हैं ।
- **Example:** too cold, too dull, too fat, too naughty
- Too + to infinitive → कार्य न होने का कारण बताता हैं ।

  **Example**

  a. The old man is **too** weak **to** walk.

  b. This question is **too simple** for me to answer.

  c. His absence from my party is **too painful** for me.

- Too का अर्थ "भी (also)" के लिए किया जाता हैं ।

  **Example**

  a. I lost my pen and book too.

  b. He was fined too.

## Very, Much, Very Much

**Rule 1: Very का प्रयोग positive degree के साथ Adverbs /Adjectives के साथ होता हैं ।**

**Example**

a. His father was **very proud** of his power over the horse.

b. The captain feels very proud as his team has won the match.

c. The flowers have a very strong scent.

d. She has been speaking four languages very fluently since childhood.

**Rule 2: much का प्रयोग comparative degree के adverbs/ Adjectives से पहले होता हैं।**

**Example**

a. Her concerts are <u>much</u> **admired** by the foreigners.
b. If you are going downhill, you can go <u>much</u> **faster**.
c. Bobo was <u>much</u> **richer** than Jim as he had illicitly accumulated all his wealth.
d. We've got to have beefed-up intelligence, including <u>much</u> **stronger** human intelligence than before.

**Rule 3:**

- The + very + Superlative Degree
- Much + the + Superlative Degree

**Example**

a. You are **the** <u>very</u> **smartest** player in the team.
b. You are <u>much</u> **the smartest** player in the team.

**Rule 4: much का प्रयोग Past Participle के पहले होता हैं।**

**Example**

a. He was <u>much</u> **confused** to read my letter.
b. Sita is <u>much</u> **interested** in you.

**Rule 5: very का प्रयोग Present Participle के साथ होता हैं।**

**Example**

a. The match is <u>very</u> **interesting.**
b. This is a <u>very</u> **amusing** information.

**Rule 6: very much का अर्थ "पूर्ण रूप से" होता हैं। इसका प्रयोग comparative degree के पहले हो सकता हैं।**

**Example**

a. Ram is <u>very much</u> **better** than Shyam.

**Rule 7: प्राय: सकारात्मक वाक्यों में very much का प्रयोग होता हैं, जबकि नकारात्मक वाक्यों में much का ही प्रयोग होता हैं।**

**Example**

a. I love her <u>very much.</u>
b. I do **not** love her <u>much.</u>
c. He does **not** work <u>much.</u>

## <u>Much Too, Too Much</u>

- Much Too और Too Much → समान अर्थ प्रकट करते हैं → "इतना अधिक जितना नहीं होना चाहिए"।
- प्रयोग
  - ✓ Adjective या participle के पहले → Much Too
  - ✓ Noun के पहले → Too Much

  **Example**

  a. **Too much** of <u>anything</u> is bad.
  b. It is **much too** <u>painful.</u>
  c. There is evidence that too much technology can lead to a loss of child development opportunities.

## <u>Enough</u>

- Enough → "पूर्ण / उचित मात्रा"
- **Enough** का प्रयोग sentence में adjective और adverb दोनों तरह से होता हैं।
  - ✓ Adverb के रूप में → Adjective के पहले।
  - ✓ Adjective के रूप में → Noun के पहले।

  **Example**

  a. The hall was spacious <u>enough</u> to accommodate all the guests.
  b. The hall was spacious <u>enough</u> to accommodate all the guests
  c. The food container is not big <u>enough</u> to meet the demands of the affected people.
  d. She was tall <u>enough</u> to reach the top shelf.
  (a) I am not courageous <u>enough</u> to take this risk.

## <u>Most, Mostly, Almost</u>

- Most → सबसे अधिक → Pronoun, Adjective और adverb के रूप में प्रयोग किया जाता हैं।
- Mostly → अधिकांश
- Almost → लगभग, अधिकतर → केवल adverb के रूप में होता हैं।

**Example**

a. Many people attended the party, but most **were** boring. (Pronoun)
b. Most **people** at the party were boring. (Adjective)
c. This time, she donated most **generously** for the war fund. (Adverb)
d. Caramel is made from several thousand compounds, making it one of the **most complex** food products.

## Fairly / Rather

- Fairly → Good Sense → निष्पक्ष रूप से, बहुत कुछ, न्याय पूर्वक, उचित रूप से
- Rather → Bad Sense → कुछ – कुछ, अधिक तत्परता से, कुछ अपेक्षा, अथवा

**Example**

a. Milk is fairly **hot.**
b. The weather is rather **hot.**

## No / Not

- No → Adjective और Adverb दोनों हैं।
- No → Adverb → "not at all" or "not in any degree" → सिर्फ comparative degree के पहले होता हैं।
- No → Adjective → "नहीं"→ सिर्फ Positive या comparative degrees के पहले होता हैं।

**Example**

a. He has no pen. (pen – noun)
b. He has no good pen. (good –adjective of positive degree)
c. No other place in this country is **better than** Gulmarg, Kashmir. (No – adverb of comparative degree)

- **Not → Adverb → नहीं → Not का प्रयोग Helping Verb के बाद किया जाता हैं।**

**Example**

a. I have not any book.
b. She does not have any idea.

**Rule 1: कुछ शब्द एक ही रूप (Form) में Adverb और Adjective की तरह प्रयोग हो जाते हैं; 'Fast, straight, outright, direct, hard, late', 'high', 'safe', quiet इत्यादि adjective एवं adverb दोनों है।**

- यदि ये शब्द noun के पहले प्रयोग होते हैं तो ये Adjective की तरह प्रयोग होंगे।
- यदि ये शब्द verb के बाद प्रयोग होता हैं तो ये Adverb की तरह प्रयोग होंगे।

**Example**

a. He works **hard. (Adverb)**
b. This is a **hard** task. **(Adjective)**
c. Do not talk **loud. (Adverb)**
d. Riya ran as **fast** as a cheetah and saved the child from falling. **(Adverb)**

**Rule 2: MPT Rule: Order of Adverbs यदि एक वाक्य में कई तरह के Adverbs का प्रयोग हुआ हो तो सबसे पहले Adverb of manner, फिर Adverb of place एवं फिर Adverb of time आता है।**

**Example**

a. She comes regularly at **the ground** daily.
b. He is crying loudly **at the field** now.

> **Note:** यदि वाक्य में कई Adverbs of time का प्रयोग हो तो सबसे पहले, सबसे छोटा Time फिर उससे बड़ा, फिर सबसे बड़े Time को रखा जाना चाहिए।
>
> **Example**
>
> a. He came here at 7 0' clock in the morning on Monday.
> b. She was born at 6 0' clock in the evening on Sunday in 1987.

**Rule 3: Else के साथ "but" का प्रयोग किया जाता** हैं।

**Example**

a. It is nothing **else** but sheer foolishness.

**Rule 4:** Rather, other एवं Otherwise के बाद Than का प्रयोग होता हैं।

**Example**

a. Rahul had **no other** alternative than to work hard.
b. I would **rather** die than beg.

**Rule 5:** कुछ **Adverbs / Adverbial expressions** ऐसे होते हैं जिनसे **वाक्य (sentence) शुरू होने पर inversion** होता है, यानी **Subject और Auxiliary verb का क्रम उलट जाता है।** इसे **Adverbial Inversion** कहा जाता है।

**Never, Rarely / Seldom, Hardly / Scarcely / Barely, No sooner, not only … but also, At no time / Under no circumstances, only after / Only when / Only then.**

**Example**

a. Scarcely had I started reading the paper **when** the doorbell rang.

b. No sooner had they left **their home than it started** raining heavily.

**Rule 6:**

- So + adjective / adverb
- So + adjective + a/an + singular noun
- Such + a/an + adjective + singular noun
- Such + adjective + plural / uncountable noun

  **Example**

  a. Aren't you **so young** to travel by yourself?

  b. He's not **so friendly as** she is.

  c. The solution was applied **so effectively** that it resolved the issue immediately.

## CONJUNCTION

**Rule 1: Both_______and: यदि subject के रूप में प्रयुक्त होता हैं तो Helping Verb हमेशा Plural प्रयुक्त होती हैं।**

**Example**

- Not only dogs but also cats are available at the animal shelter.
- One must not only have the ability to read voraciously but also have the necessary training in comprehending and remembering all the relevant details.

**Rule 2: Along With/ together with / As well as / In addition to के साथ helping verb हमेशा पहले Subject के अनुसार होती हैं।**

**Example**

a. **Ram**, along with his friends, **is** going to Delhi.

b. **The teacher**, together with the students, **was** present.

c. **My father**, as well as my uncles, **has** arrived.

d. **The manager**, in addition to his assistants, **is** responsible.

**Rule 3: Not only ________ But Also**

1. इनके साथ हमेशा समान part of Speech (Noun/Pronoun/Adjective/Adverb/Verb) का प्रयोग किया जाता हैं। अर्थात जिस part of Speech का प्रयोग Not only के साथ होगा, उसी part of Speech का प्रयोग But also के साथ होगा।

   **Example**

   a. History is **not only** a very vast subject **but also** very intriguing. (Adjective - adjective)

   b. One must **not only** have the ability to read voraciously **but also** have the necessary training in comprehending and remembering all the relevant details. (Noun-Noun)

   c. The secretary to my boss is very efficient as he **not only** gives him the required information **but also** handles correspondence independently. (Verb - Verb)

   d. **Not only** is my brother intelligent **but** hard working too. (This is correct without "also")

2. इनके साथ हमेशा Helping verb दूसरे subject के अनुसार होती हैं।

   **Example**

   a. **Not only** Ram **but also** his friends **are** coming.

   b. **Not only** the teacher **but also** the students **were** absent.

   c. **Not only** my brother **but also** my parents **have** agreed.

**Rule 4: Either____ OR / Neither_____ Nor**

1. इनके साथ हमेशा समान part of Speech (Noun/Pronoun/Adjective/Adverb/Verb ) का प्रयोग किया जाता हैं । अर्थात जिस part of Speech का प्रयोग Either/Neither के साथ होगा, उसी part of Speech का प्रयोग or/nor के साथ होगा ।
2. इनके साथ हमेशा Helping verb दूसरे subject के अनुसार होती हैं ।

   **Example**
   - ✓ Either Shilpi or Raj is to blame for the accident.
   - ✓ Either the bears or the lion has escaped from the zoo.
   - ✓ Neither Sameera nor Vinod knows anything about the accident.
   - ✓ The children neither wanted to go back home early from vacation nor to miss their adventures planned for the trip.

**Rule 5: When → When का प्रयोग वहाँ पर किया जाता हैं जहाँ पर दो अलग – अलग समय पर अलग – अलग कार्य होते हैं । या एक कार्य के खत्म होने पर दूसरा कार्य प्रारंभ होता है ।**

- ➢ **Structure:** Past Perfect tense + When + Past Indefinite

  **Example**
  - a. I **had finished** my homework **when** he **came**.
  - b. The train **had departed when** we **reached** the station.
  - c. When he saw the bear, he ran to the nearest tree, dropped his gun and climbed to a safe place.

**Rule 6: While → while का प्रयोग वहाँ पर किया जाता हैं जब एक ही समय पर दो अलग – अलग कार्य किये जाते हैं ।**

- ➢ **Structure**: Past Continuous Tense + While + Past Continuous Tense

  **Example**
  - a. I **was reading while** she **was cooking**.
  - b. The children **were playing while** their mother **was watching** them.
  - c. He **was talking** on the phone **while** he **was driving**.

**Rule 7: Before/After – समय के लिए**

**Before** और **After** का प्रयोग तब किया जाता है जब **दो कार्य अलग-अलग समय पर हों** और **किसी एक कार्य के पहले या बाद में दूसरा कार्य हुआ हो।**

- ➢ **Structure:** Past Perfect Tense + Before + Past Indefinite
- ➢ **Structure:** Past Indefinite Tense + After + Past Perfect Tense

  **Example**
  - a. I **had finished** my work **before** he **arrived**.
  - b. She **had locked** the door **before** she **went** out.
  - c. He **started** the work **after** he **had taken** rest.
  - d. We **left** the house **after** we **had eaten** dinner.

**Rule 8: Until → यह एक negative शब्द हैं तो इसके साथ कभी भी not का प्रयोग नहीं होता हैं ।**

- ➢ The referee allowed the teams to play on without blowing the final whistle until one of them scored a winning goal.

**Rule 9: Unless → Unless का अर्थ होता है — यदि ... नहीं / जब तक ... नहीं। यह negative sense देता है, इसलिए इसके साथ not का प्रयोग नहीं किया जाता।**

- ➢ I don't want you to give that number to anyone unless it's an emergency, you understand?

**Rule 10: As soon as / as Long as → इनका प्रयोग समय/शर्त बताने के लिए किया जाता है।**

- ➢ **Structure:** Future indefinite + As Soon as / as long as + Present Indefinite

  **Example**
  - a. You **will succeed as long as** you **work** hard.
  - b. I **will help** you **as long as** you **need** me.
  - **c.** As soon as he became a minister, he didn't allow any of his relatives to live with him.

**Rule 11**: **Since → Since का प्रयोग तब किया जाता है जब किसी कार्य की शुरुआत का समय (starting point) बताया जाए और वह कार्य अब तक जारी हो।**

- **Structure**: Present Perfect tense + Since + Past Indefinite

  **Example**

  a. I **have lived** here **since** I **came** to Delhi.

  b. She **has been** ill **since** she **fell** sick.

  c. They **have worked** here **since** they **joined** the company.

**Rule 12: यदि that और so that का उपयोग purpose बताने के लिए किया जाता हैं तो tense के according के अनुसार "may /Might" का प्रयोग किया जाता हैं ।**

**Example**

a. He works hard **so that** he **may** succeed.

b. I am saving money **that** I **may** buy a car.

c. He worked hard **so that** he **might** pass the exam.

**Rule 13: Lest____Should: Lest के साथ हमेशा "Should" Model verb का प्रयोग किया जाता हैं । और lest से शुरू होने वाला वाक्य कभी भी negative नहीं होता हैं ।**

**Example**

a. Work hard **lest** you **should** fail.

b. He spoke softly **lest** the baby **should** wake up.

c. Walk carefully **lest** you **should** fall.

**Rule 14: if → जब if से future condition बताई जाती है, तब if-clause में Present Indefinite और main clause में Future Indefinite आता है।**

- **Structure:** if + Present indefinite + Future Indefinite

  **Example**

  a. **If** you **work** hard, you **will pass** the exam.

  b. **If** it **rains**, we **will stay** at home.

  c. **If** he **comes**, I **will tell** him the truth.

**Rule 15: No Sooner __________ Than → जब एक काम तुरंत दूसरे काम के बाद होता है, तब No sooner … than का प्रयोग किया जाता है। Structure:** No Sooner + had/did +Sub + $V_3$/$V_1$ + than + Sub + $V_2$

**Example**

- No sooner had I started strolling the lawn than it started raining.

**Rule 16: As if → जब as if का प्रयोग कल्पना / असत्य / unreal स्थिति के लिए किया जाता है, तब verb सामान्य tense में न होकर past form में आती है।**

- **Present unreal** → *as if + Past Indefinite*
- **Past unreal** → *as if + Past Perfect*

  **Example**

  a. He talks **as if** he **knew** everything.

  b. She behaves **as if** she **were** a queen.

  c. He looked at me **as if** he **had seen** a ghost.

**Rule 17: Whether_____ or → Whether … or का प्रयोग दो विकल्प / संदेह / चुनाव बताने के लिए किया जाता है।**

- **हिन्दी अर्थ:** या … या / चाहे … या

  **Example**

  a. **Whether** you **like** it **or** not, you must do it.

  b. **Whether** rain **or** shine, the match will be played.

  c. **Whether or** not you allow me, I am going to the fair.

**Rule 18: Hardly/Scarcely _________ Before/When**

- **Structure:** Hardly/Scarcely + had + sub + $V_3$ + Before/When + Sub +$V_2$

  **Example**

  ✓ Scarcely had the train stopped at the platform when the passengers started pushing each other to enter the train.

  ✓ Estella had hardly heard the news when she began to weep.

**Rule 19:**

1. Doubt के बाद affirmative sentence में if/whether का प्रयोग होता है, जबकि negative व Interrogative sentence में doubt के बाद that का प्रयोग होता है।
2. Doubtful के बाद भी 'Affirmative sentence' में 'if/whether' का प्रयोग होता है, जबकि Negative व Interrogative sentence में doubtful के बाद that का प्रयोग होता है।

   **Example**
   a. I **doubt if** he will come.
   b. She **doubts whether** the train will arrive on time.
   c. I **do not doubt that** he is honest.
   d. **Do you doubt that** she can do this work?
   e. I am **doubtful whether** he will pass the exam.
   f. She is **doubtful if** they will agree.
   g. I am **not doubtful that** he will succeed.

**Rule 20:**

- 'The same' के बाद Relative Pronouns 'that' या 'as' का प्रयोग होता है।
- 'The same' के बाद 'that' का प्रयोग होता है जब इसके बाद Verb स्पष्ट हो। किन्तु 'the same' के बाद 'as' का प्रयोग तब होता है जब Verb स्पष्ट नहीं हो।

  **Example**
  a. This is **the same book that** I **bought** yesterday.
  b. He wore **the same shirt that** he **had worn** on Monday.
  c. This is **the same book as** yours.
  d. She has **the same pen as** mine.

**Rule 21**:

- As .... as एवं so ...... as का प्रयोग तुलना करने के लिए किया जाता है। As ..... as का प्रयोग Positive एवं negative वाक्यों में होता है और so....as का प्रयोग सिर्फ negative वाक्यों में होता है।
- As....as एवं so .... as के साथ adverb एवं adjective के सिर्फ Positive Degree का प्रयोग होता है।

  **Example**
  a. Ram is **as** tall **as** Mohan.
  b. She runs **as** fast **as** her sister.
  c. He is **not as** clever **as** his brother.
  d. He is **not so** intelligent **as** his friend.
  e. She does **not run so** fast **as** her cousin.

**Rule 22: But – लेकिन**

1. यदि Subject वही हो और दोनों वाक्यों के कार्य में विपरीत अवस्था का आभास हो, तो but का प्रयोग होता है।

   **Example**
   a. He is poor **but** honest.
   b. She worked hard **but** failed.

2. **ऐसे Contrast को दर्शाने के लिए जो प्रथम Clause की दृष्टि से Unexpected हो ।**

   **Example**
   a. He is very rich **but** unhappy.
   b. The medicine was costly **but** ineffective.

3. **However, के साथ but का प्रयोग नहीं हो सकता। या, तो but या फिर however का प्रयोग करें ।**
4. **Else के बाद but का प्रयोग होता है ।**

   **Example**
   a. No one **else but** Ram was present.
   b. Nothing **else but** luck helped him.

**Rule 23: Yet**

1. **Yet जब co-ordinate conjunction के रूप में प्रयोग होता है, तो यह nevertheless या but के अर्थ में प्रयोग होता है ।**

   **Example**
   a. He is poor, **yet** he is honest.
   b. She worked hard, **yet** she failed.
   c. It was raining, **yet** they continued the match.

2. **Yet निम्नलिखित अनेक अर्थों के लिए प्रयोग किया जा सकता है; जैसे - in addition, even, still, eventually, and as soon as now etc.**

| Meaning of Yet | Hindi Meaning | Example |
|---|---|---|
| **In addition,** | इसके अलावा | He is strict, **yet** kind. |
| **Even** | यहाँ तक कि | **Yet** a child can do this. |